एकलपीठ सिविल विविध कम्पनी प्रार्थना पत्र संख्या-21/2000
अन्तर्गत
(एकलपीठ कम्पनी याचिका संख्या-01/1995)

22.12.2006

माननीय न्यायाधिपति श्री शिव कुमार शर्मा

श्री बी. के. शर्मा, अधिवक्ता वास्ते प्रार्थी ।
श्री आर.पी. सिंह, अधिवक्ता वास्ते प्रतिपक्षीगण।
श्री आर.सी.मीना, शासकीय समापक व्यक्तिश: उपस्थित।

उभय पक्ष के विद्वान अधिवक्तागण को सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री का अनुशीलन किया गया। प्रतिपक्षीगण ने मूल राशि तथा ब्याज के 15,000/-रूपये (अक्षरे पन्द्रह हजार) शासकीय समापक के पास जमा करा दिए हैं। प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों में प्रतिपक्षीगण द्वारा जो राशि जमा कराई गई वह पर्याप्त प्रतीत होती है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए अब इस प्रार्थना पत्र में ओर कोई निर्देश दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता। अत: यह प्रार्थना पत्र उपरोक्तानुसार निस्तारित किया जाता है।

(न्या. शिव कुमार शर्मा)